Roll No. ..................

Total No. of Questions : 5]

**03/C**

[Total No. of Printed Pages : 4

**X**

**2037**

वार्षिक परीक्षा प्रणाली

psebonline.com

**HINDI**

**(Morning Session)**

Time allowed : Three hours

Maximum marks : 70

*नोट :* (i) *अपनी उत्तर-पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर विषय-कोड/पेपर-कोड वाले खाने में विषय-कोड/पेपर-कोड* **03/C** *अवश्य लिखें।*

(ii) *उत्तर-पुस्तिका लेते ही इसके पृष्ठ गिनकर देख लें कि इसमें टाइटल सहित 26 पृष्ठ हैं एवं सही क्रम में हैं।*

(iii) *उत्तर-पुस्तिका में खाली छोड़े गए पृष्ठ/ पृष्ठों के पश्चात् हल किये गये प्रश्न/प्रश्नों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।*

(iv) *कोई अतिरिक्त शीट नहीं मिलेगी। अतः उत्तर आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*

(v) *प्रश्न का उत्तर समाप्त होने पर एक लाइन लगा दें।*

(vi) ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

(vii) *लिखाई सुन्दर एवं साफ हो।*

**1.** निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : psebonline.com 1×10=10

(क) किसी **एक** शब्द का सन्धि-विच्छेद कीजिए-

परमात्मा, संगीताचार्य।

(ख) किसी **एक** विग्रह पद को समस्त पद में बदलिए-

गंगा में स्नान, रसोई के लिए घर।

(ग) किसी **एक** शब्द की भाववाचक संज्ञा बनाएँ-

बुरा, शांत।

(घ) किसी **एक** शब्द का विशेषण शब्द बनाएँ-

व्यापार, हित।

(ङ) किसी **एक** शब्द के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें-

पत्नी, उत्सव।

(च) किसी **एक** समरूपी भिन्नार्थक शब्द-युग्म का प्रयोग वाक्य में करके अर्थ स्पष्ट करें-

सूखी-सुखी, सास-साँस। psebonline.com

(छ) किसी **एक** वाक्यांश के लिए **एक** शब्द लिखिए-

गाँव में रहने वाला, कृषि कर्म करने वाला।

(ज) किसी **एक** शब्द का विलोम शब्द लिखिए-

विधवा, स्वस्थ। psebonline.com

(झ) किसी **एक** शब्द के अनेकार्थक शब्द लिखिए-

चक्र, काल।

(ञ) किसी **एक** अशुद्ध वाक्य को शुद्ध करके लिखिए-

(i) उसने यह काम करा।

(ii) महात्मा लोग पधारे हैं।

**2.** (i) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो पंक्तियों में दीजिए- 1×5=5

(क) तुलसीदास के अनुसार भव सागर को कैसे पार किया जा सकता है ?

(ख) लहरें किस उमंग में आगे बढ़ती जाती हैं ?

(ग) विदेश में चित्रा के किस चित्र ने धूम मचायी थी ?

(घ) सुमित्रा के पुत्र का नाम बताइए।

(ङ) शल्य कौन था ? psebonline.com

(ii) निम्नलिखित पद्यांश में से किसी **एक** पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए- 1+3=4

(क) करत करत अभ्यास के, जड़मति होत सुजान।
रसरी आवत जात ते, सिल पर परत निसान।।
फेर न है है कपट सों, जो कीजै व्यापार।
जैसे हाँडी काठ की, चढ़ै न दूजी बार।।

(ख) करके मीन मेख सब ओर,
किया करें बुध बाद कठोर,
शाखामयी बुद्धि तजकर वे मूल धर्म धरते हैं।
हम राज्य के लिए मरते हैं।

(iii) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन या चार पंक्तियों में दीजिए- 3×2=6

(क) प्रदर्शनी में अरुणा के साथ कौन से बच्चे थे ?

(ख) जयदेव इनाम में मिलने वाली राशि के विषय में क्या घोषणा करवाना चाहता है ?

(ग) तावीज़ किस लिये बनवाए गए थे ?

(iv) निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर छः या सात पंक्तियों में दीजिए- 3×5=15

(क) 'ममता' कहानी से आपको क्या शिक्षा मिलती है ?

(ख) लेखक को 'ठेले पर हिमालय' शीर्षक कैसे सूझा ? psebonline.com

(ग) डी.सी. को अपने मित्र जयदेव और उसके परिवार पर गर्व क्यों होता ?

(घ) 'सदाचार का तावीज़' पाठ में छिपे व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए।

(ङ) मित्र का चुनाव करते समय हमें किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

**3.** (i) अपनी गलती के लिए क्षमा याचना करते हुए अपने स्कूल के प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए। 7

psebonline.com अथवा

कार्यकारी अधिकारी, विद्युत बोर्ड के नाम बिजली की सप्लाई में कमी के सम्बन्ध में आवेदन-पत्र लिखिए।

(ii) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 100-120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए-

गाँव का खेल मेला, अपने नये घर में प्रवेश, प्रकृति का वरदान पेड़ पौधे। 8

**4.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें- 1×5=5

सुव्यवस्थित समाज का अनुसरण करना अनुशासन कहलाता है। व्यक्ति के जीवन में अनुशासन का बहुत महत्त्व है। अनुशासन के बिना मनुष्य अपने चरित्र का निर्माण नहीं कर सकता तथा चरित्रहीन व्यक्ति सभ्य समाज का निर्माण नहीं कर सकता। अपने व्यक्तित्व के विकास के लिए भी मनुष्य का अनुशासनबद्ध होना अत्यन्त आवश्यक है। विद्यार्थी जीवन मनुष्य के भावी जीवन की आधारशिला होता है। अतः विद्यार्थियों के लिए अनुशासन में रहकर जीवन-यापन करना आवश्यक है।

(क) अनुशासन किसे कहते हैं ?

(ख) मनुष्य किस के बिना अपने चरित्र का निर्माण नहीं कर सकता ?

(ग) विद्यार्थी जीवन किसकी आधारशिला है ? psebonline.com

(घ) 'सुव्यवस्थित' और 'आधारशिला' शब्दों के अर्थ लिखें।

(ङ) उचित शीर्षक लिखें।

**5.** (i) किन्हीं तीन मुहावरों/लोकोक्तियों को वाक्यों में इस प्रकार प्रयोग करें कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए : 1×3=3

जी भर आना, पेट में चूहे दौड़ना, तेते पाँव पसारिए जेती लम्बी सौर, नेकी कर दरिया में डाल, तू डाल-डाल मैं पात-पात।

(ii) निम्नलिखित गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद करें : 3

ਠਾਕੁਰ ਸਾਹਿਬ ਦੇ ਚਲੇ ਜਾਣ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਮਨੋਹਰ ਸਿੰਘ ਨੇ ਤੇਜ਼ਾ ਨੂੰ ਬੁਲਾਕੇ ਛਾਤੀ ਨਾਲ਼ ਲਾਇਆ ਤੇ ਕਿਹਾ-ਪੁੱਤਰ, ਇਸ ਦਰਖਤ ਨੂੰ ਤੂੰ ਹੀ ਬਚਾਇਆ ਹੈ, ਇਸ ਲਈ ਮੈਨੂੰ ਵਿਸ਼ਵਾਸ ਹੋ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਮੇਰੇ ਪਿੱਛੋਂ ਤੂੰ ਇਸ ਦਰਖਤ ਦੀ ਪੂਰੀ ਰਖਿਆ ਕਰ ਸਕੇਂਗਾ ।

(iii) आपका नाम चार्वी है। आप आदर्श इन्टरनेशनल स्कूल दादर (मुम्बई) में पढ़ती हैं। आप अपने स्कूल की वार्षिक पत्रिका की छात्र-सम्पादिका हैं। आप विद्यार्थियों से स्कूल की वार्षिक पत्रिका वर्ष 2016 के अंक के लिये कहानियाँ, कविताएँ, लघु कथाएँ, लेख प्राप्त करने के लिए अपनी ओर से सूचना तैयार कीजिए। 2

अथवा psebonline.com

आपका नाम नंद किशोर है। आप मकान नम्बर 69, पटियाला में रहते हैं, आपका पुत्र पीयूष 28 वर्ष, कद 5 फुट 9 ईंच, राजकीय अध्यापक हेतु कार्यरत वधू चाहिए। वैवाहिक शीर्षक के अन्तर्गत विज्ञापन का प्रारूप तैयार करें।

(iv) मान लीजिए आपका नाम नरेश कुमार है। आपको लोकेश कुमार को दिनांक 10.4.16 को 10,000/- रु. का स्वहस्ताक्षरित रेखांकित किया हुआ चेक लिखकर देना है। इस अनुसार निम्नलिखित चेक के प्रपत्र को भरें- 2

दिनांक ....................

.........................................................................................................................

........................................................................................................... या धारक को

रुपये ................................................................................. रु. ..................

............................................................................................ अदा करें

| खा. सं. A/c. no. | |
|---|---|

| ब.प LF | | छो.ह. INTLS | |
|---|---|---|---|

सुविधा बैंक
चण्डीगढ़

कृपया यहाँ हस्ताक्षर करें

"729649" 170069410 42

अथवा psebonline.com

मान लीजिए आपका नाम विनोद कुमार है। आप पटियाला में रहते हैं। आपको अपने बचत खाता नं. 17321986 में दो हज़ार रुपए जमा करवाने हैं। अतः आप नीचे दिए गए प्रपत्र की रूपरेखा को अपनी उत्तर-पुस्तिका पर उतार कर भरें

बचत खाता नं. ................................................................ दिनांक ..................

जो कि श्री/स. .................................................................................. के नाम से है

में रु. ................................................................................... की राशि जमा करें

पता ..........................................................................................................

रु. ........................

हस्ताक्षर